FUTURE IS HERE

पत्रांक–वाई0ई0ए/ बिल्डर्स/4135/2025
दिनांक– 14/02/2025

सेवा मे

M/s ACE Infracity Developers Pvt Ltd.
R/o 1B, Sector-126, Noida,
Gautam Budh Nagar-201303.

महोदय

कृपया अपने पत्र दिनांक 13.02.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कुल आगणित धनराशि रू0 495.08 करोड का 25 प्रतिशत (पूर्व में जमा धनराशि रू0 100.70 करोड ) एवं 25.00 करोड़ दिनांक 12.02.2025 को जमा कराते हुए अवशेष धनराशि की किश्तो हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त के क्रम मे अवगत कराना है कि कुल देय धनराशि रू0 402.80 करोड के स्थान पर पुनः आगणित धनराशि रू0 495.08 करोड़ पायी गयी। अध्यक्ष महोदय से प्राप्त अनुमोदन दिनांक 04.11.2024 के क्रम में पूर्व में Resolution Applicant द्वारा जमा धनराशि रू0 100.70 करोड़ को 25 प्रतिशत धनराशि में समायोजित करते हुए 25 प्रतिशत धनराशि में से अवशेष धनराशि रू0 35,69,62,382.00 दिनांक 30.11.2024 तक देय को मय ब्याज पत्र जारी किये जाने से 60 दिन के अन्दर जमा कराये जाने हेतु दिनांक 10.12.2024 को पत्र जारी किया गया। जिसके प्रतिउत्तर में आपके द्वारा दिनांक 20.01.2025 को प्राधिकरण में पत्र दिया गया है। तदोपरान्त आपके द्वारा पत्र दिनांक 13.02.2025 के माध्यम से पुनः आगणित धनराशि रू0 495.08 करोड़ का 25 प्रतिशत (पूर्व में जमा धनराशि रू0 100.70 करोड) एवं प्राधिकरण द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 10.12.2024 के प्रतिउत्तर में पत्र दिनांक 13.02.2025 के माध्यम से 25.00 करोड़ दिनांक 12.02.2025 को अर्थात कुल 25 प्रतिशत धनराशि 125.70 करोड़ प्राधिकरण खाते में जमा कराये गये है।

Legacy Stalled Projects हेतु जारी शासनादेश संख्या–7774/77–4–2023– 6011/2023, दिनांक 21.12.2023 के बिन्दु–19 के अन्तर्गत " 100 करोड तक के नेट बकाए की राशि अधिकतम एक वर्ष में अदा की जाएगी। रू. 500 करोड तक की नेट बकाए की राशि दो वर्षो में अदा की जाएगी तथा रू0 500 करोड से ऊपर की बकाया राशि 3 वर्षो में अदा की जाएगी।"

उपरोक्त के दृष्टिगत दिनांक 31.12.2023 को कुल आगणित धनराशि रू0 495.08 करोड़ का 25 प्रतिशत के सापेक्ष जमा धनराशि रू0 125.70 करोड़ के आधार पर अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि की किश्तो की गणना का विवरण निम्नवत् हैः–

**PAYMENT PLAN OF 75% OF TOTAL DUES (Premium+ ECI) & REMAINING DUES OF 25% AS ON 28-02-2025**

| Installment No | Due Date | Principal | Interest | Installment | Cl. Balance |
|---|---|---|---|---|---|
| | **28/2/2025** | | | | **4,101,987,025** |
| 1 | 28/8/2025 | 1,025,496,756 | 213,584,283 | 1,239,081,040 | 3,076,490,269 |
| 2 | 28/2/2026 | 1,025,496,756 | 162,843,266 | 1,188,340,022 | 2,050,993,513 |
| 3 | 28/8/2026 | 1,025,496,756 | 106,792,142 | 1,132,288,898 | 1,025,496,756 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 28/2/2027 | 1,025,496,756 | 54,281,089 | 1,079,777,845 | - |
| | | **4,101,987,025** | **537,500,779** | **4,639,487,805** | |

| **LEASE RENT PAYMENT PLAN OF 75% OF TOTAL DUES & REMAINING DUES OF 25% AS ON 28-02-2025** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Installment No** | **Due Date** | **Principal** | **Interest** | **Installments** | **Cl. Balance** |
| | | | | | **320,090,311** |
| | **28/2/2025** | | | 96,689,198 | 240,067,733 |
| Lease Rent -1 | 28/8/2025 | 80,022,578 | 16,666,620 | 92,729,725 | 160,045,155 |
| Lease Rent -2 | 28/2/2026 | 80,022,578 | 12,707,147 | 88,355,888 | 80,022,578 |
| Lease Rent -3 | 28/8/2026 | 80,022,578 | 8,333,310 | 84,258,293 | - |
| Lease Rent -4 | 28/2/2027 | 80,022,578 | 4,235,716 | | |
| **Total** | | **320,090,311** | **41,942,793** | **362,033,103** | |

* Interest @ 10.5% per annum is applicable from 1st Jan 2025 subject to the revision on 1st January and 1st July of each year as per G.O. No. 1567/77-4-20-36N/20 dated 09 June 2020.

उपरोक्त के अतिरिक्त दिनांक 28.02.2025 तक देय वर्षिक लीजरेंट की किशत धनराशि रू0. 3,09,16,423/– का भुगतान ससमय कराने का कष्ट करें।

कृपया तालिका में अंकित समस्त किशतो की देय धनराशि ससमय जमा कराने का कष्ट करें, यदि उपरोक्त किशतो की धनराशि समय पर जमा नही करायी जाती है तो उक्त धनराशि के डिफाल्ट होने पर ब्रोशर ,आवंटन पत्र तथा लीजडीड मे उल्लिखित नियम व शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जायेगी, अन्य नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

उक्त पत्र सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदन के क्रम मे जारी किया जा रहा है।

भवदीय

प्रबन्धक (बिल्डर्स)

प्रतिलिपिः–

- विधि अधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित ।
- महाप्रबन्धक वित्त को सूचनार्थ प्रेषित ।

14/02/25

प्रबन्धक (बिल्डर्स)